खेल

सार समाचार

अंडर-19 टीम के सदस्यों को दूसरे वनडे के मौके पर सम्मानित किया गया

अहमदाबाद, भाषा। भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम को बुधवार को यहां दूसरे वनडे के मौके पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा सम्मानित किया गया। अंडर-19 टीम के नायक ब्लेजर पहने थे और उन्होंने नरेंद्र मोदी स्टेडियम के स्टैंड से भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा वनडे मैच देखा। उन्होंने मुख्य कोच ऋषिकेश कानिटकर व सहयोगी स्टाफ के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में अपने स्टार खिलाड़ियों को खेलते हुए देखा और खेल का आनंद लिया। पूर्व भारतीय बल्लेबाज और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण भी इस मौके पर मौजूद थे। लक्ष्मण टीम के साथ वेस्टइंडीज में थे। साथ ही बीसीसीआई सचिव जय शाह और कोषाध्यक्ष अरूण धूमल के साथ राज्य क्रिकेट संघ के कुछ सीनियर अधिकारी भी स्टेडियम में उपस्थित थे। बोर्ड ने अंडर-19 टीम के प्रत्येक सदस्य के लिये विश्व कप ट्राफी जीतने के लिये 40-40 लाख रूपये जबकि सहयोगी स्टाफ के लिये 25-25 लाख रूपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की थी।

दीपिका चार साल बाद स्क्वाश कोर्ट पर करेंगी वापसी

नई दिल्ली, भाषा। भारत की वेहतरीन स्क्वाश खिलाड़ियों में से एक दीपिका पल्लीकल ने परिवार बढ़ाने के लिये ब्रेक लेने के चार साल बाद कोर्ट पर वापसी की है। पिछले साल जुड़वां बच्चों की मां बनी दीपिका इस साल के अंत में राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों पर ध्यान लगाने के लिये पिछले दो महीनों से कड़ी ट्रेनिंग में जुटी हैं। खेल के दूर रहने के दौरान 31 साल की दीपिका ने 'इंटीरियर डिजाइनिंग' में हाथ आजमाया। पर अब वह इन कई स्पर्धाओं वाली दो खेल प्रतियोगिताओं में इतिहास रचने पर नजर लगाये हैं। उनके वर्तमान खेलों में युगल स्पर्धा में भाग लेने की उम्मीद है जिसक बाद वह अपना कार्यभार धीरे धीरे बढ़ायेंगी और हांगजोऊ खेलों में एकल स्पर्धा भी खेलेंगी। पल्लीकल और भारत की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में खेला का पहला स्वर्ण पदक 2014 ग्लास्गो चरण में जीता था। मां बनने और वापसी के बारे में पीटीआई से बात करते हुए पल्लीकल ने कहा कि वह भाग्यशाली थीं कि उन्हें पास सहयोग के लिये लोग मौजूद थे जिससे उन्हें 2018 में खेल से थोड़े समय तक दूर रह सकीं। जब उन्होंने ब्रेक लिया था तो वह शीर्ष 20 में शामिल थी। दो बच्चों की मां बनना 'दोहरी मेहनत' है लेकिन क्रिकेटर दिनेश कार्तिक की पत्नी पल्लीकल अपनी जिंदगी के इस दौर का लुत्फ उठा रही है।

उन्होंने कहा, हां, एक मां और पेशेवर एथलीट बनना मुश्किल है। लेकिन मैं इस पर जोर नहीं देना चाहती। निश्चित रूप से बच्चों के सोने के समय के चक्र के साथ काफी मुश्किल होती है।

न्यूजीलैंड से एकमात्र टी20 मैच हारी भारतीय महिला टीम

क्वींसटाउन ■ भाषा/डेस्क

अपने बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण भारतीय महिला टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को एकमात्र टी20 क्रिकेट मैच में 18 रन से पराजय का सामना करना पड़ा। सीनियर सलामी बल्लेबाज और उपकप्तान स्मृति मंधाना की कमी टीम की खली जो यह मैच नहीं खेली थी।

जीत के लिये 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 18 रन पीछे रह गई। मंधाना की जगह पारी की शुरूआत करने वाली यस्तिका भाटिया ने 26 गेंद में 26 रन बनाये लेकिन न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने जल्दी ही दबाव बना लिया। भाटिया और शेफाली वर्मा ने पहले विकेट के लिये 4.1 ओवर में 41 रन जोड़े जो भारत के लिये सबसे बड़ी साझेदारी थी। शेफाली ने 14 गेंद में 13 रन ही बनाये। वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर भी फॉर्म में नहीं थी जो 13 गेंद में 12 रन ही बना सकी।

भारत के लिये सर्वाधिक रन अनुभवहीन एस मेघना ने बनाये। उन्होंने 30 गेंद में छह चौकों की मदद से 37 रन की पारी खेली और रिचा घोष (12) के साथ चौथे विकेट के लिये 34 रन जोड़े। मेघना के आउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाजी ढह गई और 20 ओवर में टीम आठ विकेट पर 137 रन ही बना सकी।

मेघना का विकेट गिरने के समय भारत को 5.1 ओवर में 55 रन बनाने थे जो निचले क्रम के लिये काफी कठिन काम था। न्यूजीलैंड के लिये जेस केर, एमेलिया केर और केली जेनसेन ने दो दो विकेट लिये। इससे पहले अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा और पूजा वस्त्राकर ने दो दो विकेट लेकर न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 155 रन पर रोक दिया।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। वस्त्राकर ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 16 रन ही दिये जबकि शर्मा ने अपनी आफ स्पिन गेंदबाजी से 26 रन दिये। सीनियर स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ महंगी साबित हुई जिन्होंने चार ओवर में 39 रन देकर एक विकेट लिया।

न्यूजीलैंड के लिये कप्तान सोफी डेवाइन ने 23 गेंद में 31 और सूजी बेट्स ने 34 गेंद में 36 रन बनाये। दोनों ने पहले विकेट के लिये 60 रन जोड़े। भारत के लिये मेघना और सिमरन बहादुर ने पदार्पण किया। सिमरन ने दूसरे ही ओवर में अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर की पहली गेंद पर डेवाइन का कैच छोड़ा जिस समय वह एक रन पर खेल रही थी। दोनों टीमें अब शनिवार से पांच मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेंगी।

अभी भी एमआईक्यू में हैं मंधाना, पहला वनडे से रह सकती हैं बाहर

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना दो अन्य खिलाड़ियों के साथ क्वाइस्टचर्च में अभी भी मेनेज्ड आइसोलेशन एंड क्वारंटीन (एमआईक्यू) में हैं और टी20 मैच से बाहर रहने के बाद अब उनका पहले वनडे में भी खेल पाना तय नहीं है। मंधाना के अलावा तेज गेंदबाज मेघना सिंह और रेणुका सिंह भी एमआईक्यू में हैं। यह पता नहीं चल सका है कि उनके पृथकवास की अवधि बढ़ाई क्यों गई है। पहला वनडे शनिवार को खेला जायेगा।

रोहित ने रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज कोहली से अंतर कम किया

दुबई ■ भाषा/डेस्क

भारत के सीमित ओवर के प्रारूप के कप्तान नये कप्तान रोहित शर्मा बुधवार को जारी आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) एकदिवसीय की नवीनतम रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर बने हुए हैं लेकिन उन्होंने टीम के साथी खिलाड़ी विराट कोहली के साथ अंतर को कम किया है। पूर्व कप्तान कोहली दूसरे स्थान पर काबिज हैं।

रोहित ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच में अपनी अर्धशतकीय पारी से

अहम रेटिंग अंक हासिल किये।

कोहली के 828 के मुकाबले रोहित के नाम 807 रेटिंग अंक हैं। रैंकिंग में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शीर्ष स्थान पर बने हुए है, जबकि उनके हमवतन फखर जमां और इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट शीर्ष 10 में पहुंच गए।

भारतीय टीम में बदलाव शुरू, साहा के बाद इशांत पर खतरा

लंबे समय से खराब लय में चल रहे पुजारा तथा रहाणे के लिए भी आगे का रास्ता बहुत आसान नहीं है।

नई दिल्ली ■ भाषा/डेस्क

इशांत शर्मा रणजी ट्रॉफी से बाहर होने के लिए तैयार हैं, ऋद्धिमान साहा पहले ही अपना नाम वापस ले चुके हैं और लंबे समय से खराब लय में चल रहे चेतेश्वर पुजारा तथा अजिंक्य रहाणे के लिए भी आगे का रास्ता बहुत आसान नहीं दिख रहा है, ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारतीय टेस्ट का बदलाव का दौर शुरु हो गया है? इसका जवाब कुछ हद तक श्रीलंका के खिलाफ आगामी घरेलू टेस्ट श्रृंखला में मिल जायेगा। रणजी ट्रॉफी के लिए दिल्ली के चयनकर्ताओं का इशांत से संपर्क नहीं होने के बाद यह लगभग साफ है कि वह आगामी श्रीलंका श्रृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं होंगे।

समझा जा रहा है कि रणजी ट्रॉफी खेल रहे पुजारा और रहाणे को भी बड़ी पारी खेलनी होगी क्योंकि दोनों काफी लंबे समय से लय हासिल करने के लिए जूझ रहे

हैं। दिल्ली के 33 वर्षीय इशांत मौजूदा भारतीय टेस्ट टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने 105 टेस्ट मैच में 311 विकेट लिये हैं, लेकिन इंग्लैंड दौरे के बाद से वह लय में नहीं है। बुधवार को दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की चयन समिति ने रणजी टीम चुनने के लिए बैठक की और चयनकर्ताओं के साथ-साथ पदाधिकारियों ने इशांत से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन शाम तक उनकी उपलब्धता की पुष्टि नहीं हो पाई। डीडीसीए के एक अनुभवी चयनकर्ता ने कहा, अगर वह खेलना चाहते हैं तो उन्हें टीम में शामिल करेंगे क्योंकि वह दिल्ली के दिग्गज हैं। लेकिन मुझे नहीं पता कि उसके साथ क्या हुआ है। पिछले एक सप्ताह से उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है। वह रणजी टीम के अभ्यास सत्र के लिए नहीं आये हैं। हमें नहीं पता कि उनके दिमाग में क्या है। वीसीसीआई के एक सूत्र से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, साहा तरह, इशांत को भी लग रहा था कि उनका अंतरराष्ट्रीय करियर अभी खत्म हो सकता है। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज अब शीर्ष गेंदबाजों में क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर है। इसके बाद शार्दुल ठाकुर आते हैं, जो एक ऑलराउंडर हैं और उमेश यादव पांचवें पसंद के गेंदबाज है। श्रीलंका के खिलाफ, भारत मोहाली और बेंगलुरु में दो टेस्ट खेलेगा है। इसमें टीम में दो तेज गेंदबाज शमी और बुमराह होंगे (अगर दोनों फिट हैं) और तीसरा सिराज होगा। ऐसे में इशांत जैसे वरिष्ठ गेंदबाज को ड्रेसिंग रूम में बैठाने का कोई फायदा नहीं है।

आस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस ने लैंगर की तारीफ की

ब्रिसबेन ■ एपी/डेस्क

जस्टिन लैंगर को आस्ट्रेलिया से अपार प्रेम करने वाला लोजैड बताने और राष्ट्रीय क्रिकेट टीम पर उनके प्रभाव की तारीफ करने के बाद नये कप्तान पैट कमिंस ने बुधवार को कहा कि टीम को नयी शैली वाले मुख्य कोच की जरूरत थी। इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला से पहले आस्ट्रेलिया के कप्तान बने कमिंस की पूर्व खिलाड़ियों ने

लैंगर का समर्थन नहीं करने के लिये काफी आलोचना की है। कमिंस ने एक बयान में कहा, जो फैसला क्रिकेट आस्ट्रेलिया द्वारा अभी लिया नहीं गया था, उस पर बोलने से क्रिकेट आस्ट्रेलिया और टीम की स्थिति खराब हो जाती। मैं ऐसा कभी नहीं करता।

मेरा मानना है कि ड्रेसिंग रूम की पवित्रता बनी रहनी चाहिये। लैंगर ने शनिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। बाद में उन्होंने एक बयान में अपनी शैली के कारण खिलाड़ियों को हुई किसी तरह की समस्या के लिये माफी भी मांगी। मीडिया रपटों में कहा गया था कि खिलाड़ियों को लैंगर की पारंपरिक शैली और मूड में बार बार बदलाव पसंद नहीं आ रहा था। कमिंस ने कहा, जस्टिन ने स्वीकार किया कि उनकी शैली कड़ी थी और वह थी। उन्होंने खिलाड़ियों और स्टाफ से मांगी भी मांगी। मेरा मानना है कि माफी मांगने की जरूरत नहीं थी।

हॉकी

एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत का शानदार प्रदर्शन, फ्रांस को दी मात

पोटचेफस्ट्रूम (दक्षिण अफ्रीका) ■ वार्ता/डेस्क

टोक्यो ओलंपिक खेलों 2020 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीत हासिल करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को यहां फ्रांस पर 5-0 की बड़ी जीत के साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-22 अभियान की शानदार शुरुआत की। मनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने हरमनप्रीत सिंह (21), वरुण कुमार (24), शमशेर सिंह (28), मंदीप सिंह (32) और आकाशदीप सिंह (41) के शानदार गोलों की बदौलत 2022 की पहली जीत दर्ज की। भारत ने मैच में

शुरुआत से ही अपनी पकड़ बनानी शुरू की। रणनीति के तहत आक्रामक तरीके से खेलते हुए भारत ने फ्रांस के डिफेंस पर दबाव बनाया, हालांकि पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। भारत दूसरे क्वार्टर में और ज्यादा आक्रामक दिखा, जिसका फायदा उसे 21वें मिनट में मिला, जब टीम के उप कप्तान एवं डिफेंडर हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। फिर 24वें मिनट में अन्य डिफेंडर वरुण कुमार ने भी पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और बढ़त को 2-0 कर दिया। भारतीय टीम यहीं नहीं रुकी और दूसरे क्वार्टर की समाप्ति के ठीक पहले 28वें मिनट में एक शानदार फील्ड गोल दाग कर स्कोर 3-0 कर दिया। यह गोल युवा फॉरवर्ड शमशेर सिंह के नाम रहा। दूसरा क्वार्टर और हाफ टाइम इसी स्कोर पर समाप्त हुआ। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत भी इसी तरह से हुई, जिसमें ज्यादातर समय भारत ने फ्रांस के पाले में गेंद को कब्जे में रखा और उस पर दबाव बनाया। दूसरे हाफ की शुरुआत के दो मिनट बाद ही भारत को इसका फायदा मिली, जब अनुभवी फॉरवर्ड मंदीप सिंह ने 32वें मिनट में शानदार फील्ड गोल दाग कर स्कोर को 4-0 कर दिया और फ्रांस के मैच में वापसी करने की उम्मीद को लगभग खत्म कर दिया।

आईपीएल नीलामी में सभी टीमों के लिये बराबरी का मौका: सबा करीम

बेंगलुरू, भाषा। दिल्ली कैपिटल्स टीम के प्रतिभा तलाश प्रमुख सबा करीम का मानना है कि इस साल आईपीएल नीलामी में सभी टीमों के लिये बराबरी का मौका है जिससे घरेलू क्रिकेटरों के लिये स्वस्थ माहौल बन गया है। आईपीएल नीलामी 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरू में होगी। दो नयी टीमों अहमदाबाद और बेंगलुरू को शामिल किया गया है। दिल्ली की टीम 2020 में फाइनल में पहुंची थी और पिछले साल प्लेआफ खेला था। पिछले तीन सत्र में शिखर धवन, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत और रविचंद्रन अश्विन जैसे खिलाड़ी टीम की सफलता के सूत्रधार रहे। करीब ने एक विज्ञप्ति में कहा, हमें लचीला रूख अपनाना होगा। कोर खिलाड़ियों के रहने से टीम को फायदा मिलता है क्योंकि 11 में से सात घरेलू खिलाड़ी होते हैं। उन्होंने कहा, अनुभवी और नये खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण जरूरी है। आपके पास चार विदेशी खिलाड़ी भी हैं तो सभी टीमों के पास बराबरी का मौका है। सभी की नजरें घरेलू प्रतिभाओं पर होंगी। इससे घरेलू क्रिकेटरों के लिये स्वस्थ माहौल बनेगा। दिल्ली ने पंत, अक्षर पटेल, पृथ्वी साव और एनरिच नॉर्किया को बरकरार रखा है।

पाकिस्तान ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम का ऐलान किया

लाहौर, भाषा। तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और सलामी बल्लेबाज शान मसूद को आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मार्च से शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिये पाकिस्तान की 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि सकलेन मुश्ताक अगले 12 महीने तक मुख्य कोच बने रहेंगे।

टायटन बायोटेक लिमिटेड

CIN : L74999DL1992PLC013387

पंजीकृत कार्यालय :- ए-902 ए, रीजो औद्योगिक क्षेत्र, पोस्ट-ओ, चिराड़ी, राजस्थान-801019

फोन नंबर 011- 71239900 | फैक्स नंबर +91-11-47015811 | ईमेल: ltd@titanbiotechltd.com | www.titanbiotechltd.com

31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

(ए. सब में ईपीएस को छोड़कर)

क्रम सं.	विवरण	स्टैण्डअलोन				
		समाप्त तिमाही		समाप्त नौमाही		समाप्त वर्ष
		31.12.2021	30.09.2021	31.12.2020	31.12.2021	31.03.2021
		अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	2,879.35	2,991.17	2,310.63	9,157.12	9,350.57	12,311.99
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर, असाधारण और असाधारण वस्तुओं से पहले)	591.58	627.45	855.69	2,255.33	3,305.07	3,508.59
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	591.58	627.45	855.69	2,255.33	3,394.08	3,876.15
4	टैक्स के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	442.76	501.40	640.88	1,688.14	2,539.15	2,877.27
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(नुकसान) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (टैक्स के बाद) (नोट 3 देखें)	442.76	501.40	640.88	1,688.14	2,589.15	2,883.31
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	पिछले लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार रिवैल्यूएशन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व	-	-	-	-	-	5,755.64
8	प्रति शेयर आय (क. 10/- प्रति शेयर)						
	(ए) बेसिक	5.36	6.07	7.76	20.43	30.73	34.82
	(बी) डायलूटेड	5.36	6.07	7.76	20.43	30.73	34.82

31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए अनअंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण

(ए. सब में ईपीएस को छोड़कर)

क्रम सं.	विवरण	कंसोलिडेटेड					
		समाप्त तिमाही			समाप्त नौमाही		समाप्त वर्ष
		31.12.2021	30.09.2021	31.12.2020	31.12.2021	31.12.2020	31.03.2021
		अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	3,610.35	4,111.18	2,473.34	11,886.85	10,729.74	14,302.56
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर, असाधारण और असाधारण वस्तुओं से पहले)	795.54	974.48	910.74	3,129.18	3,663.30	4,303.00
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	795.54	974.48	910.74	3,129.18	3,692.30	4,270.56
4	टैक्स के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	593.90	760.87	681.54	2,340.35	2,761.79	3,179.53
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(नुकसान) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (टैक्स के बाद) (नोट 3 देखें)	593.90	760.87	681.54	2,340.35	2,761.79	3,175.74
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	पिछले लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार रिवैल्यूएशन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व				-	-	6,049.45
8	प्रति शेयर आय (क. 10/- प्रति शेयर)						
	(ए) बेसिक	6.33	7.24	8.02	24.62	32.16	36.71
	(बी) डायलूटेड	6.33	7.24	8.02	24.62	32.16	36.71

नोटस

1. उपर्युक्त 31.12.2021 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए कैश्ड अलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के निष्पादन परिष्कृत स्वरूप का एक अंश है। सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत कंपनियों एमिटेंट के साथ दाखिल किया गया है। 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए कैश्ड अलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com पर उपलब्ध है।
2. 31.12.2021 को समाप्त हुए तिमाही और नौमाही के लिए उक्त वित्तीय अनअंकेक्षित स्टैंडएलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 09 फरवरी, 2022 को आयोजित बैठक में विचार किया गया है। उपर्युक्त परिणामों का ऑडिट कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया है। सेबी के विनियमन 33 (नियमन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) 2015 के संदर्भ में समीक्षित हुआ है।
3. कंपनी ने डायलूटेड ईपीएस, अधिग्रहीत 20% हिस्सा लेखा आयोजन अधिनियम, 1961 की धारा 115BAA के तहत अनुमति दिए गए विकल्प को चुनने के लिए चुना है। तद्अनुसार, कंपनी ने 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए आयकर के प्रावधान को मान्यता दी है और उक्त अनुमान में निर्धारित दर के आधार पर आगत आयकर का मूल्यांकन कर लिया है।
4. कंपनी अपने व्यवसाय के सभी पहलुओं पर COVID-19 महामारी के प्रभाव की बारीकी से निगरानी करना जारी रखती है, जिसमें यह भी शामिल है कि वह अपने ग्राहकों, कर्मचारियों, विक्रेताओं और व्यवसायिक भागीदारों को कैसे प्रभावित करेगा प्रबंधन ने वाहनपूर्जों बैकलॉग निर्माण और अनुकूलों को संचालन करने में, अन्य बातों के साथ-साथ, मौजूदा और भावी दोनों तरह के प्रभावों का मूल्यांकन किया है, प्रभावों को संपत्ती को 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए कंपनी के वित्तीय परिणाम तैयार करते समय उचित सावधानी बरती है।
5. 31.12.2021 को समाप्त तिमाही के लिए कुल बिक्री 20.11 लाख रुपये के उत्पादों की बिक्री शामिल है जिसकी गणना कोविड 19 महामारी के कारण उत्पन्न हुई।
6. कैश्ड अलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 (संशोधित) में निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों (ind AS) (जब तक पर भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत) के अनुसार तैयार किए गए हैं।
7. वर्ष के दौरान कंपनी ने रु 1.00 लाख का कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) मद्य को बोर्ड सुपुर्द किया ।

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 09/02/2022

कृते बोर्ड निदेशक मंडल की ओर से
कृते टायटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
नरेश कुमार सिंगला
उप्रबंध निदेशक
DIN-00021648